Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding dilapidated condition of National Highway 135 A viz., Lumbini-Dhudi Ambedkar Nagar Parliamentary Constituency.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर से राजमार्ग 135ए गुजरता है । इस राजमार्ग का नाम लुम्बनी-दुधी मार्ग है । यह राजमार्ग मेरे क्षेत्र से मानिकपुर होकर सुरहुरपुर तक जाती है । मानिकपुर क्षेत्र के एरिया से जब यह रास्ता गुजरता है तो ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के युद्धग्रस्त किसी क्षतिग्रस्त मार्ग से गुजर रहे हैं ।

मेरी माननीय रोड और ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर से गुजारिश है कि हवाई यात्रा छोड़ कर अब वह रोड से यात्रा करना शुरू करें और मेरे क्षेत्र के रोड़ का संज्ञान लें । मैंने दो बार उनसे मिलकर इस मार्ग के बारे में उनको सूचित किया, चिट्ठी दी, फोटो भी खिंचवाया और अपने क्षेत्र में भी दिखाया । लेकिन अभी तक इसके ऊपर कोई काम नहीं हुआ है, इससे मेरे क्षेत्र की जनता आहत है, आक्रोशित है, आंदोलित है । इसलिए मैं आपके माध्यम से उनसे निवेदन करता हूं कि वह तुरंत इस मार्ग का संज्ञान लेकर इस मार्ग को बनवाने की कृपा करें ।